Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to provide wildlife clearance to railway projects in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री नारणभाई काछड़िया (अमरेली): मेरे संसदीय क्षेत्र में पश्चिम-रेलवे भावनगर डिवीज़न के अंतर्गत अमरेली के तीन महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाएं जिन्हे मै 15वीं लोकसभा से लगातार सदन के माध्यम से या फिर पत्र व्यवहार के मध्यम से रेल मंत्रालय को अवगत कराते आया हूँ, निम्नवत प्रथम खिजडिया-विसावदर प्रोजेक्ट जिसकी कुल लम्बाई 91.27 किलोमीटर है और जिसकी कुल लागत 547 करोड़ रूपये हैं, और दूसरा वेरावल-तलाला-विसावदर प्रोजेक्ट जिसकी लम्बाई 71.95 किलोमीटर है तथा इसकी लागत लगभग 460 करोड़ रु.है, इसी क्रम में तीसरा और प्रोजेक्ट जूनागढ़-विसावदर जिसकी लम्बाई 42.28 किलोमीटर है तथा जिसकी लागत लगभग 253 करोड़ रूपये है, महोदय यह तीनों परियोजना आर०वी०एन०एल० के माध्यम से की जा रही है, और वर्तमान में तीनों प्रोजेक्ट वाइल्ड लाइफ क्लीयरेंस के लिए चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन गुजरात के पास क्लियरेंस के लिए लंबित है । अतः मेरा मा० मंत्री जी से आग्रह है कि इन प्रोजेक्ट में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए विभाग के सम्बंधित अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें और क्लियरेंस दिलवाने की कृपा करें जिसका पूर्ण लाभ अमरेली की जनता को बृहद रूप से मिलेगा और अमरेली का विकास एक रेलवे जंक्शन के तौर पर हो पायेगा और रेलवे मंत्रालय को भी एक बड़ी राजस्व की प्राप्ति होगी ।